प्रेस विज्ञप्ति

बिहार पुलिस मुख्यालय

दिनांक–12.09.2023 (सं0–400)

आर्थिक अपराध इकाई के द्वारा साइबर अपराधों के विरुद्ध की गयी कार्रवाई

राज्य में नवसृजित 44 साइबर पुलिस थानों में पदस्थापित पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों के क्षमता संवर्धन हेतु 10 दिवसीय प्रशिक्षण प्रारम्भ किया गया है। इसके लिए एक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम C-DAC (प्रगत संगणन विकास केन्द्र) पटना के सहयोग से तैयार किया गया है। साइबर थानों में पदस्थापित 290 पदाधिकारियों/कर्मियों को साइबर अपराध से निपटने में निपुण कराने हेतु C-DAC पटना एवं तिरूअनन्तपुरम के वैज्ञानिकों/प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण दिया जायेगा। पहले बैच का प्रशिक्षण दिनांक 11.09.2023 से प्रारम्भ हो चुका है।

XXXXX